# टी.एफ.आर.आई., जबलपुर में आयोजित हिन्दी पखवाड़ा समारोह -2015 का आयोजन



उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, (टी.एफ.आर.आई.) जबलपुर में संस्थान के निदेशक डॉ. यू. प्रकाशम, भा.व.से. की अध्यक्षता में सितम्बर माह 2015 के दौरान दिनांक 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस, 15 सितम्बर से 29 सितम्बर तक हिन्दी पखवाड़ा एवं 30 सितम्बर 2015 को हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस मनाने के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान में पदस्थ हिन्दी अधिकारी श्री विजयकुमार डी. काम्बले ने भारत संघ की राजभाषा नीति के अनुपालनार्थ संस्थान में कार्यान्वयित की जा रही राजभाषा गतितिविधियों की जानकारी से अवगत कराया। श्री स्कारिया सी. जॉर्ज, आशुलिपिक ग्रेड -I ने माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार का देशवासियों के प्रति जारी राजभाषा हिन्दी संदेश का संस्थान के प्रशासनिक भवन के प्रांगण में वाचन कर उपस्थित पदाधिकारियों से अवगत कराया।

हिन्दी पखवाड़े के दौरान राजभाषा हिन्दी में विविध प्रतियोगिताएं संचालित करने हेतु कार्यालय प्रमुख की अध्यक्षता में हिन्दी पखवाड़ा आयोजन समिति का गठन किया गया था जिसमें प्रभागाध्यक्ष, वन संवर्धन प्रभाग, वन पारिस्थितिकी, सम्पदा अधिकारी, समन्वयक (सुविधा.), आहरण एवं संवितरण अधिकारी, वन पारिस्थितिकी प्रभाग मे पदस्थ वैज्ञानिक-बी एवं संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के हिन्दीतर भाषी सदस्य श्री एम. राजकुमार, आई. टी. कक्ष एवं वन जैवविविधता प्रभाग में पदस्थ पदाधिकारी क्रमशः डॉ. राजेश कुमार मिश्रा एवं श्री एच. डी. पाठक समिति सदस्य के रूप में रहे और विविध प्रभाग/अनुभाग में पदस्थ पदाधिकारी जो कि, श्री स्टेनली अजय सिंह, श्री मनीष सपकाल, श्री एम. के. बावने, श्री अरूण कुमार डागोर, श्री एम. सी. बोरकर तथा श्री दीपक यादव ने प्रतियोगिता संचालन के दौरान संयोजक के रूप में अपना सक्रिय योगदान दिया, जिस दौरान समिति ने दिनांक 16 सितम्बर से 29 सितम्बर तक संस्थान में पदस्थ पदाधिकारी वर्ग के लिए राजभाषा हिन्दी की विविध प्रतियोगिताएँ संचालित की। प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह के शुभ अवसर पर निदेशक महोदय के कर कमलों से पुरस्कार –पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार विजेता पदाधिकारी वर्ग का विवरण इस प्रकार है :-

संस्थान में कार्यरत प्रचालन स्टाफ के लिए : -वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई जिनके विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार पदान कर संस्थान के शासकीय काम-काज में राजभाषा हिन्दी का प्रगामी प्रयोग बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया जिसमे कृषिवानिकी प्रभाग में पदस्थ पदाधिकारी श्री सौरभ दुबे - प्रथम , एन डब्ल्यू एफ पी प्रभाग में पदस्थ पदाधिकारी श्री संतोष कुमार चौबे - द्वितीय, वन अनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन प्रभाग में पदस्थ पदाधिकारी डॉ. पी. के. राना, एवं वाहन अनुभाग में पदस्थ पदाधिकारी श्री अल्फ्रेड फ्रान्सिस - तृतीय पुरस्कार विजेता रहे।

प्रशासनिक पदाधिकारी वर्ग के लिए : प्रशासनिक एवं वैज्ञानिक शब्द ज्ञान तथा रोजमर्रा के शासकीय काम-काज टिप्पणी एवं आलेख प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई जिसमें लेखा अनुभाग में पदस्थ पदाधिकारी श्री राकेश कुमार विश्वकर्मा – प्रथम और सम्पदा अनुभाग में पदस्थ पदाधिकारी श्री अनिल कुमार विश्वकर्मा - द्वितीय पुरस्कार विजेता रहे।

इस दौरान संस्थान में पदस्थ हिन्दीतर भाषी पदाधिकारी वर्ग के लिए भी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई जिसमें वन जैवविविधता एवं धारणीय प्रबंधन प्रभाग में पदस्थ पदाधिकारी श्री वी. रामु नायक - प्रथम एवं श्री अनिल कुमार ए - द्वितीय पुरस्कार विजेता रहे।

संस्थान में पदस्थ एम.टी.एस. वर्ग के लिए संस्थान के शासकीय काम-काज के लिए राजभाषा हिन्दी का व्यवहारिक ज्ञान विषय पर प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई  जिसमें श्री एम. सी. बोरकर – प्रथम, श्री रवि प्रभात कुजुर –द्वितीय, श्री संतोष कुमार साहू और श्री जीतेश मीणा संयुक्त तृतीय पुरस्कार विजेता रहे।

इस दौरान, "स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता" विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कीटविज्ञान प्रभाग में पदस्थ पदाधिकारी  सुश्री निकीता सोनी, - प्रथम, कृषिवानिकी प्रभागाध्यक्ष डॉ. राजीव राय - द्वितीय एवं कृषिवानिकी  प्रभाग में पदस्थ पदाधिकारी श्री सौरभ दुबे  - तृतीय पुरस्कार विजेता रहे।

हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह के दौरान, "पर्यावरण एवं वन " विषय पर हिन्दी-काव्य  रचना प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें संस्थान में पदस्थ पदाधिकारी वर्ग ने भाग लिया जिसमें एन डब्ल्यू एफ पी प्रभाग में पदस्थ पदाधिकारी डॉ. के. सी. चौधरी  - प्रथम, कीटविज्ञान प्रभाग में पदस्थ पदाधिकारी सु श्री निकीता सोनी- द्वितीय, एवं सम्पदा अनुभाग में पदस्थ पदाधिकारी श्री जितेन्द्र अवस्थी -तृतीय रहे जिनको हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह के मंच पर मंचासीन आदरणीय निदेशक एवं समारोह के अध्यक्ष महोदय, डॉ. यू. प्रकाशम, भा.व.से. के करकमलों से पुरस्कार प्रदान कर लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर सभा में उपस्थित समस्त पदाधिकारी वर्ग को यह अवगत कराते हुए आग्रह किया गया कि, टी.एफ.आर.आई. एवं सी.एफ.आर.एच.आर.डी. छिन्दवाड़ा के अंग्रेजी वैबसाईट का संस्थान के हिन्दी अधिकारी द्वारा राजभाषा हिन्दी में रूपान्तरण किया जा चुका है संबंधित प्रभाग जिन्होने वैबसाईट की अंग्रेजी सामग्री तैयार की है से हिन्दी में रूपान्तरित सामग्री में यदि कोई सुधार,  सुझाव देना हो तो, उन सुझावों को निदेशक

महोदय को सूचित करते हुए, संस्थान के हिन्दी अधिकारी के पास शीघ्रातिशीघ्र भेज देने के लिए आग्रह किया गया जो कि रूपान्तरण सामग्री का संचयन कर अपेक्षित कार्रवाई के लिए आई सी एफ आर ई मुख्यालय के पास शीघ्रातिशीघ्र भेज दिया जा सके।

इस अवसर पर पुरस्कार विजेता एवं उपस्थित पदाधिकारी वर्ग को संस्थान के शासकीय काम-काज में राजभाषा हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग बढ़ाने के लिए निदेशक महोदय, की ओर आग्रह भी किया गया।

अंत में हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह का सूत्र संचालन कर रहे डॉ. राजेश कुमार मिश्रा ने समारोह में उपस्थित एवं समारोह का सफल संचालन करने में हिन्दी अधिकारी एवं हिन्दी पखवाड़ा समारोह आयोजन समिति को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से सहयोग प्रदान किये हुए पदाधिकारी वर्ग के प्रति तथा समारोह को संचालित करने के लिए अपनी अनुमति एवं अनुमोदन प्रदान किये हुए संस्थान के कार्यालय प्रमुख एवं निदेशक महोदय के प्रति आभार प्रकट करते हुए हिन्दी पखवाड़ा समारोह का समापन किया।

## समारोह की झलकियाँ






















स्रोतः हिन्दी अनुभाग




स्रोतः हिन्दी अनुभाग